# प्रोजेक्ट कार्य 2025

## प्रोजेक्ट के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश

- बोर्ड स्तर पर आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के प्रत्येक विशय में विद्यार्थी को प्रोजेक्ट कार्य करना अनिवार्य होगा।
- प्रत्येक विद्यार्थी प्रोजेक्ट कार्य विषय शिक्षक के मार्ग दर्शन में पूर्ण करेंगे।
- प्रोजेक्ट के लिए शीर्षक का निर्धारण विषय अध्यापक एवं विद्यार्थी मिलकर चर्चा द्वारा सुनिश्चित करेंगे।
- विषय अध्यापक प्रोजेक्ट की सूची प्रतिवर्ष 31 जुलाई तक संस्था प्रधान को प्रस्तुत करेंगे। विद्यार्थी 31 अक्टूम्बर तक प्रोजेक्ट शीर्षक में परिवर्तन (विशेष परिस्थिति में) कर सकता है जिसकी सूचना संस्था प्रधान को भी देनी होगी। पूरक से उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण विद्यार्थी भी 31 अक्टूम्बर तक प्रोजेक्ट शीर्षक चयन कर सकेंगे।
- विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट हस्तलिखित होगा। प्रोजेक्ट प्रतिवेदन 5 से 15 पृष्ठों तक सीमित रहेगा। प्रतिवेदन 31 दिसम्बर तक विषय अध्यापक को प्रस्तुत करना होगा, जिसका मूल्यांकन विषयाध्यापक करके संत्राक निर्धारित किये जायेगे।

**प्रोजेक्ट कार्य के अन्तर्गत विषय वस्तु से सम्बन्धित निम्न कार्य किये जा सकते है :–**

- चार्ट/मानचित्र • मॉडल/ आशु रचित उपकरण • प्रयोग
- दत्त संकलन • सर्वेक्षण • केस स्टडी
- भ्रमण प्रतिवेदन • साक्षात्कार
- उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य कोई जीवंत परिस्थिति/ स्थानीय परिवेश से सम्बन्धित प्रोजेक्ट पर भी कार्य किया जा सकता है।
- पाठयक्रम के अनुसार स्वविवेक से कोई भी प्रोजेक्ट कार्य लिया जा सकता है।

**प्रोजेक्ट प्रतिवेदन के मुख्य बिन्दु :–**

• शीर्षक • प्रोजेक्ट चयन का उद्वेश्य • प्रोजेक्ट की रूपरेखा व परिसीमाएँ • आवश्यक सामग्री • कार्य विधि • दत्त का संकलन, वर्गीकरण, सारणीयन व विश्लेषण • निष्कर्ष/ मूल्यांकन • उपयोगिता • संदर्भ सूची

**प्रोजेक्ट मूल्यांकन का आधार**

- शीर्षक का चयन एवं आवश्यकता
- रूपरेखा एव क्रियान्वयन (प्रयोग, सर्वेक्षण, केस स्टडी, चार्ट, मानचित्र, मॉडल, भ्रमण प्रतिवेदन, संकलन, साक्षात्कार आदि)
- प्रोजेक्ट निष्कर्ष एवं भाषा की उपयुक्तता

  *सत्रांकों से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों को आगामी शैक्षिक सत्र में आयोजित बोर्ड की मुख्य परीक्षा तक विद्यालय द्वारा सुरक्षित रखा जायेगा, जिनका निरीक्षण बोर्ड एवं विभागीय, अधिकृत अधिकारियों द्वारा कभी भी किया जा सकता है। बोर्ड द्वारा सम्पूर्ण सत्रावधि में सत्रांकों के आवंटन एवं अभिलेखों के संधारण की जांच की जा सकती है।*

## सत्रांक योजना के अन्तर्गत प्रोजेक्ट कार्य की सूची

**विषयवार प्रोजेक्ट सूची अध्यापकों एवं विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दी जा रही है जो सुझाव के रूप में हैं। अपने अनुभव व आवश्यकता के आधार पर विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी लिये जा सकते हैं।**

BSER

# Project Work-2025

## Class-XII

## Subject - COMPUTER SCIENCE

निम्न विषयों पर **project** बनायें

1.Railway Reservation Managment में Train के टिकट को Book करना, Train की Seat भरने पर Wating टिकट बनाना व Ticket को Cancle करना।

2. Library Mangment में Library के लिए book की Stock entry करना ,बच्चों को

Book बॉटना व वापस जमा करना ।

3. Hotel Mangment में Room खाली या भरें बताना, Room की Booking करना व Room का दिनों के अनुसार किराये की गणना करना।

4. Bank Mangment में customer का खाता खोलना ,खाते में पैसे जमा कराना, पैसे निकालना और ब्याज की गणना करना।

5. School Mangment में बच्चों के प्रवेश करना, बच्चों को SR No देना,बच्चों को वर्ष के अन्त में अगली कक्षा में क्रमोन्त करना व उच्चतम कक्षा उत्तीर्ण करने पर T.C. बनाना और प्रत्येक बच्चे की फीस जमा करना।

6. Resort Mangment में Resort की Advance Booking करना,Payment की रसीद बनाना, Resort में खाली कमरे दिखाना , Resort में उपलब्ध सुविधाओं का बताना।

7. Shopping Mall में दुकानों की विभिन्न श्रेणी में बाटना , सामान की लिस्ट अपडेट करना, सामग्री की उपलब्धता को Real time में दिखना।

8. E-Shopping में सामग्री की लिस्ट को अपडेट रखना ,सामग्री को निर्धारित ग्राहक कें Address पर डिलीवर करना, ऑनलाईन पेमेट प्राप्त करना और ऑउट ऑफ स्टॉक सामग्री की लिस्ट तैयार रखना।

9.Aeroplane Ticket Mangment में शहरों के मध्य चलने वाले Aeroplane का समय बताना, टिकट को बुक करना, खाली सीट दिखाना व टिकट कैंसिल करना।

BSER

# अर्थशास्त्र के लिए प्रोजेक्ट वर्क सूची– **2025**

## कक्षा 12

1. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं का विस्तार से विश्लेषण कीजिए।
2. अनधिमान वक्र व उसकी प्रमुख विशेषताओं को रेखाचित्रों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।
3. उपभोक्ता के इष्टतम चयन को एक उचित उदाहरण व रेखाचित्र से स्पष्ट करते हुए एक लेख लिखिए।
4. बाजार माँग की एक काल्पनिक तालिका और रेखाचित्र की सहायता स्पष्ट करते हुए अपना विश्लेषण प्रस्तुत करें।
5. माँग की लोच की अवधारणा और उसके विभिन्न प्रकारों को उचित उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।
6. उत्पादन फलन की अवधारणा और लागतों की विभिन्न संकल्पनाओं की उचित तालिका उदाहरण की सहायता से समझाइये।
7. पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में लाभ अधिकतमीकरण की स्थितियों का रेखाचित्रों द्वारा मूल्यांकन कीजिए।
8. बाजार पूर्ति पर एक काल्पनिक उदाहरण की सहायता से विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए।
9. बाजार संतुलन की विभिन्न स्थितियों का ग्राफ के माध्यम से सरल विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए।
10. समष्टि अर्थशास्त्र के उद्भव पर एक विस्तृत निबंध लिखिए।
11. आय के तर्तुल प्रवाह और राष्ट्रीय आय गणना की विधियों का विस्तार से विश्लेषण कीजिए।
12. भारत की प्राचीन और वर्तमान चलन मुद्रा के नमूने एकत्रित कीजिए एव उनको जारी करने वाले स्त्रोतों एव उद्देश्यों पर लेख लिखिए।
13. बैंक द्वारा उपभोक्ताओं को कौन–कौन सी सुविधाएँ उपलब्ध होती हैं ? आप सूची बनाकर, बैंकिंग से प्राप्त सुविधाओं का मूल्यांकन कीजिए।
14. सरकारी बजट के अर्थ, उद्देश्य एव इसके अव्यवों पर निबंध लिखिए।
15. अदायगी संतुलन को भारत के संदर्भ में एक उचित उदाहरण की सहायता से स्पष्ट करते हुए लेख लिखिए।

BSER

# कक्षा 12—राजनीति विज्ञान के लिए प्रोजेक्ट सूची

1. अपने विद्यालय के 50 विद्यार्थियों का चयन कर उनकी राजनीतिक व सामाजिक पृष्ठभूमि का विश्लेषण कीजिए।
2. भारत के प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा–पत्रों का अध्ययन करके उनकी विचारधारागत प्रतिबद्धता का विश्लेषण कर विवरण प्रस्तुत कीजिए।
3. अपने क्षेत्र के विधायक के राजनीतिक व सामाजिक विचारों का अध्ययन कर उनकी राजनीतिक जीवनी पर एक लेख लिखिए।
4. राजस्थान विधानसभा की किसी एक महिला विधायक (पूर्व या वर्तमान) से साक्षात्कार कर उसके राजनीतिक विचारों का विश्लेषण कीजिए।
5. पर्यावरण प्रदूषण को रोकने में अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की भ्मिका का मूल्यांकन कीजिए।
6. अपने क्षेत्र की सफाई व स्वास्थ्य हेतु पार्षद की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।
7. जनप्रतिनिधियों की लोकतन्त्र में भूमिका का अध्ययन करने के लिए उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए जनप्रतिनिधियों की अपने क्षेत्र के प्रति जवाबदेही पर विचार प्रस्तुत करिये।
8. राजस्थान के वर्तमान मुख्यमन्त्री की जीवनी लिखिए।
9. वैश्वीकरण–सकारात्मक (रोजगार अवसर तथा व्यापार में वृद्धि, आदि) तथा नकारात्मक (आतंकवाद, कोविड–19, वनस्पति तथा जीवों का ह्रास) परिणाम तथा राष्ट्रीय सम्प्रभुता पर वैश्वीकरण का प्रभाव।
10. जनमत तैयार करने में मीडिया की भूमिका तथा राजनीतिक अभियानों पर सोशल मीडिया के प्रभाव का विश्लेषण।
11. वैश्विक शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका तथा प्रभावशीलता।
12. लोकतन्त्र को बढ़ावा देने में नागरिकों की भूमिका का विश्लेषण तथा लोकतन्त्र पर राजनीतिक ध्रुवीकरण का प्रभाव।
13. वैश्विक राजनीति पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का मूल्यांकन कीजिए।
14. निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने में चुनाव प्रणालियों की प्रभावशीलता पर लेख लिखिए।
15. भारत तथा पाकिस्तान विभाजन के परिणामों का विस्तारपूर्वक विश्लेषण कीजिए।
16. अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के सन्दर्भ में संयुक्त राष्ट्र का विकास, संयुक्त राष्ट्र की संरचना और कार्य, संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंग तथा शीतयुद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र में सुधार पर विस्तारपूर्वक लेख लिखिए।
17. भारत के विदेश सम्बन्ध पर लेख लिखिए। गुटनिरपेक्षता की नीति में नेहरू की भूमिका का वर्णन कीजिए।
18. भारत की राजनीति के सन्दर्भ में स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् राजनीतिक उत्तराधिकार की चुनौती पर लेख लिखिए।

BSER

# कक्षा 12–इतिहास के लिए प्रोजेक्ट सूची

1. राजस्थान के विविध अंचलों का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन एवं अपने क्षेत्र से सम्बन्धित अंचल का अवलोकनात्मक विश्लेषण।
2. राजस्थान में स्थापत्य कला का विकास एवं विशेषताओं का अध्ययन।
3. अकबर की धार्मिक नीति का समीक्षात्मक अध्ययन एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उसकी उपादेयता।
4. सल्तनतकालीन एवं मुगलकालीन स्थापत्य कला का तुलनात्मक अध्ययन।
5. भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन में क्रान्तिकारियों के योगदान का महाराष्ट, बंगाल व पंजाब के क्रान्तिकारियों के विशेष सन्दर्भ में अध्ययन।
6. राष्ट्रीय आन्दोलन में महात्मा गाँधी के द्वारा किये गये प्रयासों का अध्ययन।
7. महाराणा सांगा एवं महाराणा प्रताप द्वारा मेवाड़ की स्वतन्त्रता के लिए मुगलों से किये गये संघर्ष का अध्ययन।
8. आजाद हिन्द फौज का गठन एवं सुभाषचन्द्र बोस के नेतृत्व में सशस्त्र संघर्ष का विस्तृत अध्ययन।
9. ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शासन विस्तार में वैलेजली की सहायक सन्धि एवं डलहौजी की गोद निषेध नीति के योगदान का समीक्षात्मक अध्ययन।
10. राजस्थान के पुरातात्विक स्रोतों के रूप में अभिलेखों, मुद्राओं एवं स्मारकों का अध्ययन एवं संकलन।
11. राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रमुख उदारवादी एवं उग्रवादी नेताओं की विचारधारा का तुलनात्मक अध्ययन।
12. राजस्थान के प्रमुख इतिहासकारों के विचारों का तुलनात्मक अध्ययन।
13. आधुनिक समय में प्रचलित मृतकों के अंतिम संस्कार की विधियों का अध्ययन। ये किस सीमा तक सामाजिक भिन्नताओं को परिलक्षित करती हैं?
14. बुद्ध द्वारा सिगल को दी गई सलाह एवं अशोक द्वारा उसकी प्रजा को दी गई सलाह की तुलना।
15. 1857 के विद्रोह के सन्दर्भ में किन्हीं दो नेताओं के बारे में जानकारी बताइए कि आम जनता उनकी तरफ अधिक आकर्षित क्यों हुई?
16. आपकी राय में विद्रोहियों के नजरिये को पुन: निर्मित करने में इतिहासकारों के सामने आने वाली समस्याओं का अध्ययन।
17. मुगल एवं विजयनगर वास्तुकला का तुलनात्मक अध्ययन।
18. पृथ्वीराज चौहान तथा मुहम्मद गौरी के बीच संघर्ष का अध्ययन।

BSER

# कक्षा 12—हिन्दी साहित्य के लिए प्रोजेक्ट सूची

1. पाठ्यक्रम के अतिरिक्त 5 नाटकों एवं कहानियों का संकलन करते हुए उनके द्वारा स्थापित शैक्षिक निहितार्थ लिखें।
2. कृष्ण भक्ति के विभिन्न कवियों के प्रमुख दोहों/पदों का संकलन एवं उनका तुलनात्मक अध्ययन।
3. राजस्थान की महिला साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का अध्ययन।
4. भारतेन्दुयुगीन एवं वर्तमानयुगीन कविताओं का संकलन सहित तुलनात्मक विश्लेषण।
5. इच्छित साहित्यकार के व्यक्तित्व का साक्षात्कार लेकर आलेख तैयार करना।
6. पाठ्यक्रम में आये हुए विभिन्न छन्दों का 5-5 उदाहरणों सहित तुलनात्मक अध्ययन।
7. पाठ्यक्रम में आये हुए विभिन्न अलंकारों का 5-5 उदाहरणों सहित तुलनात्मक अध्ययन।
8. राजस्थानी भाषा के प्रमुख कवियों के देशभक्ति से पूर्ण अथवा प्राकृतिक सौन्दर्य से युक्त दोहों एवं कविताओं का संकलन तथा विवेचनात्मक अध्ययन।
9. किसी साहित्यकार, समाजसेवी या वक्ता के सन्दर्भ में विशेषताएँ प्रस्तुत करता हुआ संस्मरण।
10. पाठ्यपुस्तक में आये हुए किसी एक कवि की 10 अन्य कविताओं का संकलन एवं विवेचनात्मक अध्ययन।
11. पाठ्यपुस्तक व सन्दर्भ ग्रन्थों में प्राप्त कठिन शब्दों के शब्दार्थ, भावार्थ व पर्यायवाची शब्दों का लघु शब्दकोष तैयार करं।
12. आधुनिक काल की विभिन्न काव्य प्रवृत्तियों का तुलनात्मक एवं समालोचनात्मक अध्ययन।
13. अपनी पाठ्यपुस्तक के पद्यांशों में काव्य के गुण एवं दोषों की पहचान करते हुए उनका तुलनात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन।
14. किसी भी साहित्यकार के उपन्यास/नाटक के निर्धारित तत्त्वों के आधार पर समालोचना करें।
15. सन्धि/समास के अर्थ-भेद एवं उदाहरणों की तर्क सहित विवेचना।
16. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'/व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई का व्यक्तित्व-कृतित्व एवं साहित्य में योगदान।
17. भक्तिकाल की विभिन्न काव्य प्रवृत्तियों का तुलनात्मक अध्ययन।
18. जन-संचार माध्यम, लेखन प्रक्रिया एवं पत्रकारिता।
19. हिन्दी साहित्य के इतिहास के रचयिता आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का व्यक्तित्व, कृतित्व एवं साहित्य में योगदान।
20. पाठ्यपुस्तक में आये हुए लोकोक्ति एव मुहावरों का चयन, अर्थ एवं वाक्य प्रयोग।

BSER

# कक्षा 12–संस्कृत के लिए प्रोजेक्ट सूची

1. संस्कृतकाव्यगत सूक्तिभिः समीक्षात्मक दृष्टिः नैतिकमूल्य शिक्षायाः अध्ययनमेकम्।
2. कस्य अपि एकस्य प्राचीनसंस्कृतकवेः व्यक्तित्वं कृतित्वं च सरलसंस्कृतेन लेखनीयम् (एकपृष्ठात्मकम्)।
3. वैदिकसाहित्यस्य सामान्यपरिचयः लेखनीयः (एकपृष्ठात्मकः)।
4. समसामयिकविषयम् अवलम्ब्य सरलसंस्कृतेन एकपृष्ठात्मकः निबन्धः लेखनीयः।
5. कयोश्चित् द्वयोः छन्दसोः लक्षणं लेखनीयम् तथा च गणमात्रानिर्देशपूर्वकं पाठ्यपुस्तकात् भिन्नम् उदाहरणम् अपि लेखनीयम्।
6. दशनीति श्लोकानां 'कर्ता–क्रिया–कर्म' इति निर्देशपूर्वकम् अन्वयः हिन्दीभावार्थ च लेखनीयः।
7. व्यावहारिक शब्दानां वस्तूनां च संस्कृते प्रायोजना प्रस्तुतव्या–यथा–फलानाम्, शाकानाम्, गृहेप्रयुक्तानां, वस्तूनाम्, विद्यालये प्रयुक्तानां वस्तूनाम् इत्यादि।
8. अच्सन्धिप्रकरणतः द्वित्राणां सन्धिनां तालिका निर्मापनीया/व्यंजनसन्धेः वा ज्ञानम्।
9. प्राचीनग्रन्थानां सामान्यं परिचयम्। ग्रन्थस्य तत्कर्तुश्च नामोल्लेखपूर्वकं तालिका निर्मातव्या।
10. कालिदासस्य ग्रन्थेषु नैतिकमूल्यानि–दानशीलता, गौ–सेवा, प्रजावत्सलतादयः वर्णनीया।
11. प्रमुखार्वाचीनकवीनां तेषां ग्रन्थानां नामोल्लेखपूर्वकं तालिका निर्मातव्या।
12. पाठ्यक्रमानुसारेण अलङ्काराणां सामान्यं परिचयं दत्त्वा उदाहरणेषु संगतिपूर्वकम्अलंकाराणां ज्ञानम्।
13. पठितम्, अपठितं वा गद्यांशं/पद्यांशं दत्त्वा प्रश्नोत्तर–निर्माणम्।
14. कारकनियमानुसारं वाक्यनिर्माणम्।
15. पाठ्यपुस्तकात् दश सूक्तवचनानि विलिख्य तेषां स्वभाषया सप्रसङ्गं भावबोधनम्।
16. हिन्दी वाक्यानां संस्कृतेऽनुवादः।
17. पाठ्यक्रमानुसारं प्रकृति–प्रत्यययोः संयोगम्, विभागं, वाक्यप्रयोगश्च।
18. संस्कृते उपन्यासपरम्परायां शिवराजविजयस्य स्थानम्।
19. 'शुकनासोपदेशः' पाठानुसारेण गुरूपदेशस्य महत्त्वम्।
20. वर्तमानयुगे योगस्य वैशिष्ट्यं योगस्य स्वरूपञ्च।

BSER

# कक्षा 12–भूगोल के लिए प्रोजेक्ट सूची

1. मानव–भूगोल की परिभाषा, विषय–क्षेत्र व महत्त्व का अध्ययन कर विवेचना करना व प्रारूप बनाना।
2. नगरीय व विकासशील देशों में मानव अधिवास सम्बन्धी समस्याओं का अध्ययन करना।
3. विश्व के मानव व्यवसाय—प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक व चतुर्थक व्यवसाय का व्यापक अध्ययन करना।
4. विश्व में प्रमुख परिवहन व संचार के साधनों की विशेषताओं व वितरण का अध्ययन व मानचित्र अंकन।
5. संसाधन की संकल्पना, वर्गीकरण (जैविक, अजैविक) का अध्ययन कर प्रारूप तैयार करना।
6. विश्व में कृषि के प्रकार एवं वितरण का अध्ययन करना व किसी एक को विश्व–मानचित्र में बताना।
7. भारत में विकास व नियोजन की प्रमुख योजनाओं एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन का प्रारूप तैयार करना।
8. भारत में गरीबी उन्मूलन व रोजगार कार्यक्रम का अध्ययन कर प्रारूप तैयार करना।
9. भारत में सतत पोषणीय विकास कार्यक्रम का अध्ययन कर प्रारूप तैयार करना।
10. मानव प्रवास से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर लेख तैयार करना।
11. अपने राज्य के जनसंख्या वितरण और घनत्व पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट तथा जनसंख्या घनत्व को मानचित्र पर दर्शाना।
12. घरेलू ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन की रणनीतियों का विश्लेषण करना।
13. कृषि भूमि पर शहरी अतिक्रमण का आकलन करते हुए वर्णन।
14. धारावी का उदाहरण देते हुए भारत में गंदी बस्तियों की समस्याओं का विश्लेषण।
15. चिकित्सा पर्यटन को समझाते हुए भारत जैसे विकासशील देशों में इसके केन्द्रित होने के कारण एवं महत्त्व।
16. जनसंख्या संघटन का अर्थ, इसके अन्तर्गत आने वाले पाँच घटकों की व्याख्या।
17. रेशम मार्ग के बारे में जानकारी, महत्त्व तथा उपयोगिता का अध्ययन।

BSER

# कक्षा 12—चित्रकला के लिए प्रोजेक्ट सूची

1. अल्बर्ट हॉल का चित्र बनाते हुए उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, निर्माणकाल, वर्तमान उपयोगिता आदि का वर्णन।
2. जयपुर विधानसभा के चित्र देते हुए इसके निर्माण, विशेषताओं एवं महत्त्व का वर्णन।
3. पांडुलिपि चित्रकला—पश्चिम भारतीय चित्रकला शैली का विकास एवं विशेषताएँ।
4. राजस्थान की प्रमुख चित्रकला शैलियों का चित्रों सहित संक्षिप्त वर्णन, विशेषताएँ।
5. 'मारू रागिनी' और 'बनी ठनी' का चित्र सहित वर्णन।
6. किसी लेखक, कवि या दार्शनिक के लगभग 5 उद्धरणों का चयन करें। उनका अपनी पसंद की भाषा में अनुवाद करें। मुगल पांडुलिपियों से प्रेरणा लेकर सुलेख शैली और अलंकृत किनारों के साथ अपने अनुवाद की एक पांडुलिपि बनायें।
7. 'पक्षी विश्राम पर बाज' तथा 'दाराशिकोह की बारात' चित्र का वर्णन।
8. 'बीजापुर चित्रकला शैली' एवं 'गोलकुंडा चित्रकला शैली' का विकास एवं विशेषताएँ।
9. कांगड़ा शैली के विकास को समझाते हुए इस शैली के किन्हीं दो चित्रों का वर्णन।
10. मधुबनी चित्रकला एवं गोंड चित्रकला का विकास एवं विशेषताएँ।

BSER

# कक्षा 12–गृह विज्ञान के लिए प्रोजेक्ट सूची

1. भारत के परम्परागत व्यवसाय पर रिपोर्ट तैयार करें। विशिष्ट समूहों से सम्बन्धित कार्य से जुड़े मुद्दों की सूची तैयार करें।
2. कार्य के प्रति मनोवृत्तियों और दृष्टिकोण, जीवन कौशल और कार्य–जीवन की गुणवत्ता का अध्ययन कर रिपोर्ट बनाएँ।
3. नैदानिक पोषण और आहारिकी के महत्त्व और कार्यक्षेत्र पर रिपोर्ट बनाइए एवं नैदानिक पोषण विशेषज्ञ की भूमिका और कार्यों को सूचीबद्ध कीजिए।
4. जन–पोषण का महत्त्व, पोषण समस्याएँ और पोषण सम्बन्धी समस्याओं से निपटने के लिए चल रहे सरकारी कार्यक्रमों की रिपोर्ट तैयार कीजिए।
5. खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी के इतिहास और वर्तमान स्थितियों पर रिपोर्ट तैयार करें एवं खाद्य उद्योग में जीविका के कार्यक्षेत्रों को सूचीबद्ध करें।
6. प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के मौलिक सिद्धान्तों तथा इस क्षेत्र के व्यावसायिकों के कौशल पर रिपोर्ट बनायें।
7. सामान्य महिला के आहार तथा गर्भवती, धात्री महिला के आहार का तुलनात्मक अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करें।
8. फास्टफूड एवं शीतल पेय के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों की एक रिपोर्ट तैयार करें।
9. विभिन्न डिजाइन एवं रंगों के वस्त्रों के नमूनों को एकत्रित करिये। एकत्रित किये गये नमूनों के उपयोग एवं उपयोगिता पर प्रोजेक्ट तैयार करिये।
10. विभिन्न प्रकार के साबुन, डिटर्जेन्ट धब्बे छुड़ाने हेतु, चमक कलफ हेतु, रंग पक्का रखने हेतु उपलब्ध पदार्थों का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करना।
11. किशोर/किशोरियों का साक्षात्कार कर उनमें पायी जाने वाली विभिन्न शक्तियों एवं कमजोरियों की सूची तैयार करें।
12. फैशन की संकल्पनाओं, विकास, व्यापार और जीविका एवं कार्यक्षेत्र पर रिपोर्ट तैयार कीजिए।
13. एक संगठन के आतिथ्य प्रबन्धन में सम्मिलित विभागों और उनके कार्मिकों के कर्त्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों पर रिपोर्ट तैयार कीजिए।
14. सामाजिक विकास हेतु पत्रकारिता के महत्त्व, इस क्षेत्र की विधियों तथा जीविका हेतु ज्ञान एवं कौशल पर रिपोर्ट बनाइए।
15. जनसम्पर्क के प्रकार्यों, गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्रों और सिद्धान्तों को सूचीबद्ध करें।

BSER

# कक्षा 12–English Literature के लिए प्रोजेक्ट सूची

1. Of all the poems prescribed in your syllabus, which one is your favourite? Write a detailed analysis of the reasons behind your liking.
2. Write "A short history of English Literature".
3. Explore social media's influence on communication.
4. Analyse women's representation in contemporary literature.
5. Write an essay in about 500 words on "Climate change is the greatest threat facing humanity today".
6. Evaluating political debates—Newspaper Analysis.
7. Human relationship in Chetan Bhagat's Novels.
8. Role of internet in our life.
9. Traditional teaching methodologies v/s Modern teaching methodologies.
10. Strategies to improve writing skills.
11. Pronunciation—Stress, Rhythm, Intonation.
12. Write a detailed note on 'Sonnet'.
13. Write a note on 'Metaphysical Poetry'.
14. Define Indo-Anglian literature with brief notes on any five Indo-Anglian poets and their works.
15. Write about a role play in which you too have a role.
16. Why and how should we read newspapers? Write in detail the importance of reading newspapers.
17. Write a Report about any event that took place in your classroom/school.

BSER

**प्रोजेक्ट वर्क 2025**

**विषय :— पर्यावरण विज्ञान**

**कक्षा :— 12**

1. जल प्रदूषण के कारण एवं प्रभाव को दर्शाने वाले चार्ट तैयार करें।
2. सौर ऊर्जा और सौर पेनल्स की चार्ट सहित परियोजना तैयार करें।
3. प्रदूषण के प्रकार एवं उससे सम्बन्धित अधिनियम का चार्ट तैयार करें।
4. ठोस कचरा प्रबन्धन के प्रकिया की सारणी सहित चार्ट का निर्माण करना।
5. वर्मी कम्पोस्ट तकनीक की विधि का चार्ट सहित जानकारी।
6. भूकम्प की उत्पत्ति के कारण, प्रभाव एवं भारत में भूकम्प के संभावित क्षेत्र का मानचित्र द्वारा संक्षिप्त जानकारी।
7. आपदा प्रबन्धन के आयाम एवं प्रबन्धन, सरकार द्वारा उठाये गये सकारात्मक कदम की सूची तैयार करना।
8. वन एवं जीव संरक्षण में भारतीय परम्परा का योगदान।
9. वायु मण्डल की संरचना का रेखा चित्र सहित संक्षिप्त वर्णन।
10. पानी की गुणवता के मानकता एवं स्वास्थय पर प्रभाव का रेखा चित्र सहित संक्षिप्त वर्णन।

BSER

# प्रोजेक्ट वर्क –2025

## कक्षा –12

## गुजराती साहित्य

1. गुजरात राज्य के साहित्यकारों, लेखक व कवियों के बारे में विस्तृत जानकारी

   (i) चार – लेखक (ii) चार – कवि

2. गुजरात के परिधान की जानकारी।

   (i) इसमें चार स्त्रियों के चित्र तथा चार पुरूषों के चित्र (ii) गुजराती व्यंजनों के नाम साथ ही ऋतुओं में खान–पान।

3. गुजराती पर्वो की विस्तृत जानकारी एवं चित्र।

4. स्वतंत्रता आंदोलन में गुजरात की सहभागिता निभाने वाले महान व्यक्तियों के नाम एवं संक्षिप्त जानकारी।

5. गुजरात की भौगोलिक जानकारी तथा वहाँ की विशेषताओं की उपलब्धियाँ जो प्रसिद्व है।

6. गुजरात के ऐतिहासिक स्थल के बारे में जानकारी, नाम एवं चित्र।

7. गुजरात के आधुनिक स्थलों की जानकारी।

8. गुजरात के आस्था के स्थान, इष्ट, मन्दिरों की जानकारी।

BSER

# Project Work- 2025
## Class-XII
## Subject - Information Practices

निम्न विषयों पर **project** बनायें

1.Railway Reservation Managment में Train के टिकट को Book करना, Train की Seat भरने पर Wating टिकट बनाना व Ticket को Cancle करना।

2. Library Mangment में Library के लिए book की Stock entry करना ,बच्चों को Book बॉटना व वापस जमा करना ।

3. Hotel Mangment में Room खाली या भरें बताना, Room की Booking करना व Room का दिनों के अनुसार किराये की गणना करना।

4. Bank Mangment में customer का खाता खोलना ,खाते में पैसे जमा कराना, पैसे निकालना और ब्याज की गणना करना।

5. School Mangment में बच्चों के प्रवेश करना, बच्चों को SR No देना,बच्चों को वर्ष के अन्त में अगली कक्षा में क्रमोन्त करना व उच्चतम कक्षा उत्तीर्ण करने पर T.C. बनाना और प्रत्येक बच्चे की फीस जमा करना।

6. Resort Mangment में Resort की Advance Booking करना,Payment की रसीद बनाना, Resort में खाली कमरे दिखाना , Resort में उपलब्ध सुविधाओं का बताना।

7. Shopping Mall में दुकानों की विभिन्न श्रेणी में बाटना , सामान की लिस्ट अपडेट करना, सामग्री की उपलब्धता को Real time में दिखना।

8. E-Shopping में सामग्री की लिस्ट को अपडेट रखना ,सामग्री को निर्धारित ग्राहक कें Address पर डिलीवर करना, ऑनलाईन पेमेट प्राप्त करना और ऑउट ऑफ स्टॉक सामग्री की लिस्ट तैयार रखना।

9.Aeroplane Ticket Mangment में शहरों के मध्य चलने वाले Aeroplane का समय बताना, टिकट को बुक करना, खाली सीट दिखाना व टिकट कैंसिल करना।

BSER

# प्रोजेक्ट वर्क – 2025
## कक्षा –12

## फ़ारसी साहित्य

1. फ़ारसी शाइरों की ग़जलों एवं नज़्मों का संकलन।
2. फ़ारसी के शाइरों व अदीबों की तसावीर का संकलन।
3. फ़ारसी तख़लीकात का उर्दू में तर्जुमा (नस्रे–नज़्म)।
4. फ़ारसी खत्ती के नमूनों का इन्तिख़ाब (नस्रे–नज़्म)।
5. फ़ारसी में किसी एक मौजू पर मज़मून निगारी।
6. फ़ारसी के मुहावरों और कहावतों का इन्तिख़ाब (हवालों और मिसालों के साथ)।
7. फ़ारसी की मशहूर किताबों की फ़हरिस्त (मुसन्नीफ़ीन के असमाए गिरामी के साथ)।
8. फ़ारसी के चन्द मुश्किल अल्फ़ाज़ की की फ़हरिस्त और उनके उर्दु में मआनी।
9. तरीख–ए–अदब फ़ारसी के किसी एक अहद की खूसूहसयात।
10. फ़ारसी के मशहूर सनाए–बदाए और बवाइद की तारीफ़ (मिसालों के साथ)।

BSER

# प्रोजेक्ट वर्क – 2025

## कक्षा –12

## दर्शनशास्त्र

1. भगवद्गीता में से ज्ञान मार्ग, कर्म मार्ग एवं भक्ति मार्ग को प्रतिपादित करने वाले कुल तीस श्लोकों का संकलन कर उनका शैक्षिक निहितार्थ लिखिये।
2. भारत के किन्हीं भी तीन बौद्ध मंदिरों का दार्शनिक महत्व स्पष्ट कर विवेचन कीजिये।
3. अहिंसा के प्रति जैन धर्म के विशेष आग्रह को जैन धर्मावलम्बी किस प्रकार अपनी दैनिक जीवनचर्या में उतारते हैं – इस संबंध में जैन परिवारों से सम्पर्क व अवलोकन के आधार पर आलेख तैयार करें।
4. अष्टांग योग के आसन व प्राणायाम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की अभिवृद्धि में कैसे सहायक होते हैं–सम्बन्धित व्यक्तियों के व्यावहारिक अनुभवों का विवरणात्मक अध्ययन।
5. किन्ही भी तीन उपनिषदों से ब्रह्म विषयक 10 सूत्रों को संकलित कर उनका सामान्यीकरण कर शैक्षिक उपादेयता लिखें।
6. "भारतीय दर्शन आशावादी है, निराशावादी नहीं" यह स्थापित करने के लिए भारतीय समाज की जीवनचर्या के आधार पर पांच प्रमाणों का विश्लेषण करें।
7. भगवद्गीता में प्रतिपादित निष्काम कर्म के उपदेश से सम्बन्धित प्रमुख ग्रन्थ एवं उनके लेखक आदि का विवरण देते हुए सारणीबद्ध अध्ययन करें।
8. प्रमुख भारतीय दर्शनों, उनके प्रवर्तकों, उनसे सम्बंधित प्रमुख ग्रन्थ एवं उनके लेखक आदि का विवरण देते हुए सारणीबद्ध अध्ययन करें।
9. उपनिषद दर्शन में प्रतिपादित आत्मा की विभिन्न अवस्थाओं के स्वरूप की व्याख्या विभिन्न आरेखों को स्पष्ट कीजिये।
10. प्रमुख भारतीय दर्शनों में मान्य प्रमाणों को परिभाषित करते हुए उनकी आधुनिक जीवन प्रणाली में व्यावहारिकता का अध्ययन करें।
11. क्या दुख से पूर्ण मुक्ति प्राप्त की जा सकती है? दस परिवारों का सर्वेक्षणात्मक अध्ययन करें।
12. मनुष्य जो कर्म करता है उसका फल व्यक्ति के हाथ में हैं या ईश्वर के? अभिमतों के आधार पर सर्वेक्षणात्मक प्रतिवेदन तैयार करें।
13. भारतीय दर्शन अध्यात्मवाद पर विशेष बल देता है। भारतीय समाज के व्यवहार में प्रचलित ऐसी पांच मान्यताओं का अध्ययन करें।
14. बौद्ध दर्शन के अष्टांगिक मार्ग को स्पष्ट करते हुए दैनिक जीवन में इनके महत्व को रेखांकित करिये।

BSER

15. मानव जीवन में कर्म एवं भाग्य का क्या योगदान है? किन्हीं 10 परिवारों के सर्वेक्षण के आधार पर अध्ययन कीजिए।
16. 25 परिवारों के सर्वेक्षण के आधार पर भारतीय समाज में प्रचलित प्रमुख जीवन मूल्यों का अध्ययन करें।
17. भारतीय संविधान में उल्लेखित मूल कर्त्तव्यों की समाज में पालना स्थिति पर अवलोकनात्मक अध्ययन करें।
18. भारतीय कानून व्यवस्था दण्ड के किस सिद्धान्त पर मूलतः आधारित है? कुछ उदाहरण देकर स्पष्टीकरण करें।
19. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित प्रभाव सामाजिक आदर्शों को सारणीबद्ध करते हुए स्पष्ट करें।
20. वर्तमान समाज में कौन से पुरूषार्थ अधिक प्रभावी है? 10 परिवारों के सर्वेक्षण के आधार पर विश्लेषणामक अध्ययन करें।
21. वर्तमान के प्रचलित कार्यक्षेत्रों को परम्परागत वर्ण व्यवस्था में वर्गीकृत कीजिए। जैसे अध्यापकों को ब्राह्मण वर्ण में, सेना को क्षत्रिय वर्ण आदि का अध्ययन करें।
22. गांधी के एकादश व्रतों का वर्तमान भारतीय समाज में क्या महत्व है? 10 परिवारों के सर्वेक्षण के आधार पर अध्ययन करें।
23. भारतीय परम्परा में प्रचलित सोलह संस्कारों में से कौन से संस्कार समाज में प्रचलित है? ऐसे संस्कारों की रूपरेखा तैयार कर वर्तमान में प्रासंगिकता बताइये।
24. व्यक्ति और समाज के संबंध के विषय में दिए गए प्रमुख सिद्धान्तों को चार्ट के माध्यम से समझाइये।
25. विवाह संस्कार की प्रकिया का सचित्र विवरण तैयार कीजिए।
26. गांधी के सर्वोदय दर्शन के आलोक में फुटपाथी जीवन का व्यावहारिक अध्ययन।
27. हड़ताल आंदोलन, सत्याग्रह में से किसी भी एक के विषय में अपने अनुभव पर आलेख लिखे।
28. मजदूर वर्ग की वर्तमान दशा एवं आन्दोलन स्वरूपों की दिशा का अध्ययन करें।
29. ''स्वतंत्रता प्रजातंत्र का मूल आधार है – पर इसी स्वतंत्रता का दुरूपयोग प्रजातंत्र की नींव को हिला देता है।'' इस कथन को अपने अनुभवों का ब्यौरा देते हुए व्यवस्थित कीजिए।
30. भारतीय समाज के लिए किस राजनीतिक वाद को आदर्श माना जा सकता है? प्रमाणों, अवलोकन व अनुभव के आधार पर अध्ययन करें।

BSER

# प्रोजेक्ट वर्क –2025

## कक्षा –12

## विषय :– मनोविज्ञान

1. प्रक्षेपण विधि से व्यक्तित्व का अध्ययन करना।
2. गुणात्मक एवं सँख्यात्मक उपागमों द्वारा अध्ययन कर व्यक्तित्व तैयार करना।
3. शैक्षिक उपलब्धियों को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन करना।
4. उपभोक्ता व्यवहार पर विज्ञापनों का प्रभाव का अध्ययन करना।
5. बच्चे विज्ञापन कर्त्ताओं को प्रिय होते है। विभिन्न उदाहरणों द्वारा पुष्टि करते हुए प्रायोजन तैयार कीजिए।
6. विद्यार्थियों में निराशा की अभिव्यक्ति किस प्रकार होती है।
7. समूह का वैयक्तिक व्यवहार पर प्रभाव
8. समूह के सदस्यों की सामाजिक अभिवक्ति
9. विभिन्न प्रकार के समूहों के निर्माण में प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन कर किन्हीं पाँच समूहों के कारकों का उल्लेख करते हुए प्रायोजना तैयार कीजिए।
10. समूह के सदस्यों में जातिगत व्यवहारों का अध्ययन।
11. किसी एक समूह या संस्था के कार्मिकों की चयन प्रक्रिया एवं चयन कारकों का अध्ययन कीजिए।

BSER

## प्रोजेक्ट कार्य 2025
## विषय–लोक प्रशासन
## कक्षा–12

1. लोक प्रशासन की प्रमुख सैद्धांतिक विचाराधाराओं एवं उनकी प्रमुख विशेषताओं का चार्ट के माध्यम से प्रोजेक्ट का निर्माण करें।

2. प्रशासन में संचार प्रकिया के महत्व को इंगित करते हुए एक प्रोजेक्ट बनायें।

3. भारत में प्रशासनिक तंत्र की विशेषताओं पर एक प्रोजेक्ट बनायें।

4. कार्यपालिका पर संसदीय वित्तीय नियंत्रण उपकरणों का चार्ट के माध्यम से प्रोजेक्ट का निर्माण करें।

5. राजस्थान में स्वतंत्रता प्राप्ति से अब तक हुए प्रशासनिक सुधार एवं नवाचारों पर एक प्रोजेक्ट का निर्माण करें।

BSER

# प्रोजेक्ट वर्क – 2025

## कक्षा –12

## पंजाबी साहित्य

1. सूफी काव्य के अन्तर्गत शेख फ़रीद, शाह हुसैन, बुल्ले शाह एवम् हाशम शाह के काव्य का तुलनात्मक अध्ययन करें।
2. लोकोक्तियों एवम् मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग, प्रयोग सहित एक संग्रह तैयार करें।
3. सूफी काव्य एवम् गुरमत काव्य की तुलनात्मक विवेचना।
4. पंजाबी साहित्य के साहित्यकारों का परिचय देते हुए उनके चित्रों का संकलन करें।
5. कहानी, एकांकी व सफरनामा की परिभाषा व लक्षणों का तुलनात्मक एवम् विवेचनात्मक अध्ययन।
6. विलोम शब्दों एवम् युग्म शब्दों की परिभाषा व अर्थ बताकर वाक्य प्रयोग करते हुए उनमें अंतर्निहित भावों के चित्रों का संकलन करें।
7. विभिन्न प्रकार के प्रार्थना पत्रों का संकलन तैयार करें।
8. 10 गद्यांशों का संक्षिप्तिकरण करें।
9. पंजाबी लोक गीतों का संकलन तैयार करते हुए प्रत्येक गीत का संदर्भ एवं महत्व भी लिखें।
10. क्रिया, क्रिया विशेषण, विशेषण एवम् काल की सचित्र तुलनात्मक विवेचना करते हुए एक संग्रह तैयार करें।
11. 10 पद्यांशों की सप्रसंग एवम् विशिष्ट टिप्पणीयुक्त व्याख्या करें।
12. हिन्दी के (तत्सम, तद्भव एवं देशज शब्द, विदेशी) शब्द एवम् पंजाबी शब्दों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए एक संग्रह तैयार कीजिये।
13. संज्ञा एवम् सर्वनाम शब्दों का सचित्र व उदाहरण सहित संग्रह तैयार करें।

BSER

# प्रोजेक्ट वर्क –2025

## कक्षा –12

## विषय :– राजस्थानी साहित्य

1. अपनी पसंद के पांच कवियों,, लेखकों के व्यक्तित्व व कृतित्व का चार्ट तैयार करना।
2. अपने क्षेत्र के किन्हीं चार संतों का जीवन परिचय और उनकी प्रासंगिकता का चार्ट तैयार करना।
3. चुने हुये नीति काव्यकारों की रचनाओं का प्रोजेक्ट तैयार करना।
4. पाठ्यक्रम में प्रस्तावित किसी साहित्यक पुस्तक की समीक्षा चार्ट तैयार करना।
5. राजस्थानी साहित्य के आदिकाल, मध्यकाल एवं आधुनिक काल में से विद्यार्थी किसी भी काल का चयन करके उस काल के रचनाकारों व उनकी रचनाओं की काल क्रमानुसार परियोजना के चार्ट तैयार करना।
6. राजस्थानी तीज त्यौहारों की महत्ता को दर्शाते हुये उनके चार्ट तैयार कराना।
7. विलोम शब्दों का चार्ट बनाना।
8. लोक गीतों की विविध विधाओं के चार्ट तैयार कराना।
9. व्याकरण, अलंकार तथा राजस्थानी भाषा की व्याकरणिक विशेषताओं से सम्बन्धित चार्ट तैयार कराना।
10. स्वतंत्रता संग्राम सम्बन्धी काव्यकारों व उनकी रचनाओं के चार्ट तैयार करना।
11. राजस्थानी भाषाओं की पत्र–पत्रिकाओं का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत करने वाले चार्ट तैयार कराना।
12. राजस्थानी भाषा के हास्य व्यंग रचनाकार और उनकी रचनाओं का चार्ट तैयार कराना।
13. राजस्थानी लोक कथाओं में प्रयुक्त संयोग तत्व लोक विश्वास एवं कथानक रूढ़ियों के चार्ट तैयार कराना।
14. तत्सम शब्दों के तद्भव रूपों को दर्शाने वाले चार्ट तैयार कराना।

BSER

## प्रोजेक्ट कार्य 2025

## विषयः– समाजशास्त्र

## कक्षा :–12

1. बदलते समाजिक जीवन में संचार माध्यमों की भूमिका पर एक प्रोजेक्ट का निर्माण करिये।
2. सामान्य जनता के जीवन में सार्वजनिक परिवहन की भूमिका विषय पर एक प्रोजेक्ट बनाइये।
3. घरेलु कार्य में काम आने वाले सामान्य उपकरणों पर एक प्रोजेक्ट बनाइये।
4. सार्वजनिक स्थान के उपयोग पर प्रोजेक्ट का निर्माण करिये।
5. विभिन्न आयु वर्गों की बदलती हुई आकांक्षाओं पर प्रोजेक्ट बनाइये।
6. परिवर्तन के इतिहास को जानने में समाचार पत्रों के योगदान पर प्रोजेक्ट का निर्माण करिये।
7. ''पंचायती राज व्यवस्था'' पर प्रोजेक्ट बनाइये।
8. ''आदिवासी बाजार''पर प्रोजेक्ट बनाइये।
9. स्वतंत्र एवं आधुनिक भारत में मास–मिडिया विषय पर प्रोजेक्ट बनाइय।
10. जाति एवं वर्ग आधारित आन्दोलन पर प्रोजेक्ट बनाइय।

BSER

# कक्षा 12–गणित के लिए प्रोजेक्ट सूची

1. दी गई घटना A की सप्रतिबन्ध प्रायिकता जब घटना B पहले ही घट चुकी है, के परिकलन की व्याख्या को एक पासों के युग्म को फेंकने का उदाहरण लेकर करना।
2. सदिश–विधि के उपयोग से सत्यापित करना कि अर्धवृत्त में बना कोण समकोण होता है।
3. ज्यामितीय रूप से यह सत्यापित करना कि $\vec{c} \times (\vec{a} + \vec{b}) = \vec{c} \times \vec{a} + \vec{c} \times \vec{b}$
4. यह स्थापित करना कि समान परिमाप वाले सभी आयतों में वर्ग का क्षेत्रफल अधिकतम होगा।
5. वह समय ज्ञात करना जब एक दी गई विमाओं वाले आयत का क्षेत्रफल अधिकतम होगा, यदि उसकी लम्बाई एक दी गई दर से घट रही हो और चौड़ाई दी गई दर से बढ़ रही हो।
6. एक आयताकार शीट के प्रत्येक कोने में समान आकार के वर्ग काटकर अधिकतम आयतन का ढक्कन रहित संदूक बनाना।
7. एक दिए गए अंतराल में फलन के निरपेक्ष उच्चतम मान और निरपेक्ष निम्नतम मान की संकल्पना को इनके आरेखों की सहायता से समझना।
8. स्थानीय उच्चिष्ठ बिंदु, स्थानीय निम्नष्ठ बिंदु और नति परिवर्तन बिंदु की संकल्पना को समझना।
9. ह्रासमान और वर्धमान फलनों की संकल्पना को समझना।
10. वैश्लेषिक विधि से एक फलन $f(x)$ की $x = c$ पर सीमा ज्ञात करना और यह भी परीक्षण करना कि फलन उस बिंदु पर संतत है या नहीं।
11. प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलनों को आरेख बनाकर उनके प्रांतों तथा परिसरों के साथ प्रस्तुत करना।
12. आव्यूह के प्रकारों को समझना।
13. आव्यूहों के योग के गुणधर्म तथा अदिश गुणन के गुणधर्म।
14. आव्यूह के सहखण्डज से सम्बन्धित प्रमेयों का अध्ययन करना।
15. सारणिकों और आव्यूहों के अनुप्रयोगों को समझना।
16. फलन की आधारभूत प्रमेय।
17. सदिश योगफल के गुणधर्म को समझना।
18. दिए गए बिन्दु A से जाने वाली तथा दिए गए सदिश $\vec{b}$ के समांतर रेखा का समीकरण ज्ञात करना।
19. दो रेखाओं के मध्य कोण ज्ञात करना।
20. दो विषमतलीय रेखाओं के बीच की दूरी।

BSER